दैनिक भास्कर

पटना, बुधवार, 22 अगस्त, 2018 | 9

बिल्डरों की परेशानी को लेकर रेरा चेयरमैन को ज्ञापन

पटना| यूथ बिल्डर एसोसिएशन की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने बिहार रेरा के चेयरमैन अफजल अमानुल्लाह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बिल्डरों को हो रही समस्याओं के संदर्भ में उन्हें ज्ञापन सौंपा। रेरा चेयरमैन ने बिल्डरों की समस्या का संज्ञान लिया और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने आनेवाले दिनों में रेरा कार्यशाला के आयोजन की बात की। उन्होंने बिल्डरों को तय दंड शुल्क के साथ आवेदन देने की सलाह दी। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष भारद्वाज, रोहित वर्मा, उमाशंकर, रवि, बबलू, मंटू, प्रत्यूष, भूषण आदि शामिल थे।

बिहार रेरा के चेयरमैन अफजल अमानुल्लाह को ज्ञापन सौंपते यूथ बिल्डर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोग।